DAINIK JAGRAN, Meerut, 23.4.2025
Page No. 5, Size:(30.49)cms X (5.11)cms.

# कुंडा में जलभराव, शताब्दीनगर की बदहाल सड़क का उठा मुद्दा

## सीडीओ ने ली जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक, सीएम ग्रिड योजना से बनेगी ट्रांसपोर्ट नगर की सड़क

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में हुई। कुंडा स्थित मेसर्स वंदना पैकेजिंग के प्रतिनिधि ने समस्या रखी कि कुंडा गांव का पानी जिस नाली से होकर जाता है वह आगे जाकर रेलवे लाइन के नीचे से अवरुद्ध हो जाता है, इससे जलभराव रहता है।

उन्हें बताया गया कि जिलाधिकारी की ओर से एक अर्द्धशासकीय पत्र डीआरएम उत्तर रेलवे को प्रेषित किया गया है। वहां पर कुछ कार्य नगर निगम को करने हैं, इसलिए नगर आयुक्त के संज्ञान में लाया गया है। एक प्रश्न पर बताया गया कि गेल गैस के अलग-अलग दरों पर वैट का सही निर्धारण हो, इसके लिए भी




विकास भवन सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक को संबोधित करतीं मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल •

जिलाधिकारी की ओर से अर्द्धशासकीय पत्र गेल गैस लिमिटेड एवं राज्य कर आयुक्त लखनऊ को भेजा गया है। मेसर्स न्यूटेक इंडस्ट्रीज के आगे सड़क की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठा। इस पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा समिति को आश्वस्त किया गया कि सड़क निर्माण एक माह के अंदर पूर्ण करा दिया जाएगा। शताब्दी नगर मुख्य मार्ग पर गड्ढों को भरने के लिए एनसीआरटीसी को निर्देशित किया गया। बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन ने मांग रखी गई कि सराफा बाजार में बीएसएनएल के अनुपयोगी खंभे लगे हैं, उसे हटाया जाए। इस पर एजीएम बीएसएनएल ने अवगत कराया कि 20 मई तक नौ खंभे हटा दिए जाएंगे। विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एस्टेट एसोसिएशन के महामंत्री कमल ठाकुर ने ग्राम डिढाला में 33/11 के विद्युत उपकेंद्र के लिए भूमि चिह्नित करने की मांग रखी। ग्राम पांचली में खसरा सं 701, 704 व 583 की पैमाइश की मांग रखी। उद्यमियों ने ट्रांसपोर्ट नगर की मुख्य रोड पर अतिक्रमण व बदहाल स्थिति से अवगत कराया। इस पर नगर आयुक्त ने बताया कि इस सड़क का निर्माण सीएम ग्रिड योजना के तहत कराया जाएगा। नगर आयुक्त ने यह भी अवगत कराया कि टाउन हाल में स्थित पार्किंग स्थल का सर्वे करके प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। जल्द ही टेंडर निकाला जाएगा।